कुल प्रश्नों की संख्या : 24 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5

# XIHY-202303

## विषय : अर्थशास्त्र (303)

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 80

नोट – सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

निर्देश : (1) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

(2) प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 40 शब्द है।)

(3) प्रश्न क्रमांक 13 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द हैं।)

(4) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है।)

प्रश्न–1 समंक संकलन की एक विधि का नाम लिखिए। (1)

प्रश्न–2 सांख्यिकी क्या है ? (1)

प्रश्न–3 आंकड़ों के संग्रहण की उस रीति का नाम बताइए जो कम खर्चीली एवं कम समय लेती है ? (1)

श्रेणी के सबसे बड़े पदमूल्य तथा सबसे छोटे पदमूल्य के अंतर को क्या कहते हैं?

प्रश्न-4 वह पद मूल्य जो वितरण में सबसे अधिक बार आता है, क्या कहलाता है?

प्रश्न-5 आर्थिक बैरोमीटर किसे कहते हैं? (1)

प्रश्न-6 बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि लिखिए। (1)

प्रश्न-7 एल0पी0जी0 का पूरा नाम लिखिए। (1)

प्रश्न-8 आर्थिक एवं अनार्थिक क्रियाओं में तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। (1)

प्रश्न-9 एक अच्छी प्रश्नावली के तीन गुण लिखिए। (3)

प्रश्न-10 केन्द्रीय प्रवृत्ति का क्या अर्थ है? इसकी गणना की विभिन्न रीतियों के नाम लिखिए। (3)

प्रश्न-11 कृषि की दशा सुधारने के लिए उठाए गए तीन कदमों का वर्णन कीजिए। (1+2=3)

प्रश्न-12 दस विद्यार्थियों की लम्बाई के समंकों से लघुविधि द्वारा समांतर माध्य की गणना कीजिए– (3)

प्रश्न-13 (4)

| विद्यार्थी | A | B | C | D | E | F | G | J | I | J |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लम्बाई सेमी. | 155 | 153 | 168 | 160 | 162 | 166 | 164 | 180 | 157 | 165 |

**अथवा**

निम्नलिखित आंकड़ों की सहायता से 1989 को आधार मानकर 1990 के लिए कीमत निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

| वस्तु | क | ख | ग | घ | ड. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1989 (मूल्य रु.) | 50 | 40 | 80 | 110 | 20 |
| 1990 (मूल्य रु.) | 70 | 60 | 90 | 120 | 20 |

प्रश्न-14 कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक के दो-दो गुण एवं दोष लिखिए। (2+2=4)

अथवा

माध्य विचलन का क्या अभिप्राय है ? इसके कोई 2 गुण लिखिए।

प्रश्न-15 भूयिष्ठक को परिभाषित कीजिए एवं इनके कोई दो दोष लिखिए। (2+2=4)

अथवा

''निर्देशांक आर्थिक बैरोमीटर होते हैं।'' विस्तार से समझाइए।

प्रश्न-16 वर्गीकरण एवं सारणीयन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) (4)

अथवा

प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न-17 स्वतंत्रता पूर्व भारत की जनसंख्या की व्यवसायिक संरचना की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार) (4)

अथवा

भारत में विदेशी व्यापार की समस्याएँ लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न-18 आर्थिक नियोजन की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

सरकार द्वारा हरित क्रांति की दशा सुधारने हेतु किए गए प्रयत्नों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न-19 (अ) विंदुदण्ड चित्र से क्या समझते हैं ? (2)

(ब) निम्न समंकों को विंदुदण्ड चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए- (4)

| संकाय | छात्रों की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 |
| कला | 1200 | 1100 | 900 |
| विज्ञान | 800 | 900 | 1200 |
| वाणिज्य | 400 | 500 | 350 |
| विधि | 300 | 400 | 550 |

**अथवा**

(अ) बिंदुरेखीय प्रदर्शन किसे कहते हैं ?

(ब) निम्नलिखित आंकड़ों को बिंदुरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए-

| वर्ष | 1981 | 1982 | 1983 | 1984 | 1985 | 1986 | 1987 | 1988 | 1989 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चावल का उत्पादन विलियन मी0 टन | 10 | 15 | 18 | 20 | 22 | 30 | 32 | 35 | 38 |
| गेहूँ का उत्पादन विलियन मी0 टन | 15 | 18 | 20 | 25 | 28 | 32 | 34 | 36 | 40 |

**प्रश्न-20** समान्तर माध्य का सूत्र एवं कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए। *(6)*

**अथवा**

अपकिरण के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

**प्रश्न-21** निम्नलिखित आँकड़ों में मध्यका ज्ञात कीजिए- *(6)*

| मदें | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्तियाँ | 2 | 3 | 8 | 10 | 12 | 16 | 10 | 8 | 6 |

**अथवा**

निम्नलिखित आंकड़ों से बहुलक ज्ञात कीजिए-

| वर्ग | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 3 | 13 | 18 | 2 | 4 |

प्रश्न-22 निर्देशांक की रचना करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए? लिखिए। (6)

**अथवा**

सहसंबंध को मापने की कौन-सी विधि श्रेष्ठ है? उत्तर के समर्थन में कारण लिखिए।

प्रश्न-23 आदर्श माध्य के कोई छः आवश्यक गुण लिखिए। (6)

**अथवा**

माध्यिका के 3-3 गुण एवं दोष लिखिए।

प्रश्न-24 नई आर्थिक नीति की आवश्यकता क्यों पड़ी? व्याख्या कीजिए। (6)

**अथवा**

भारत में लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अपनाए गए उपायों का वर्णन कीजिए।